P372

इंदौर, मंगलवार 03 मार्च 2026


■ वर्ष : 5 ■ अंक : 108
■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक

# इंदौर संकेत

आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650



राष्ट्रपिता को नमन...

## अंदर के पन्नों पर...

100 से अधिक बोरी प्रतिबंधित रंग जब्त



पेज-2

'सूबेदार' में मोना सिंह का नया अंदाज



पेज-5

एमपीपीएससी सेट का पेपर क्या लीक हुआ...




पेज-6

### निगम-मंडल, बोर्ड और प्राधिकरणों में नियुक्तियों की सूची की तैयार, होली के बाद आ सकती है पहली लिस्ट

# भाजपा संगठन मजबूती पर जोर, वरिष्ठों को मंत्री का दर्जा देने की तैयारी!

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • मध्यप्रदेश में लंबे समय से खाली पड़े निगम-मंडल, बोर्ड और प्राधिकरणों में राजनीतिक नियुक्तियों की प्रक्रिया अब अंतिम चरण में पहुंच गई है। भाजपा संगठन और सरकार ने मिलकर संभावित नामों की सूची तैयार कर ली है और होली के बाद पहली सूची जारी होने की संभावना जताई जा रही है। इन नियुक्तियों के जरिए पार्टी संगठन को मजबूत करने और वरिष्ठ नेताओं के साथ सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देने की रणनीति पर काम किया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक केंद्रीय नेतृत्व से नियुक्तियों को लेकर पहले ही हरी झंडी मिल चुकी है। पिछले कुछ महीनों में प्रदेश सरकार और भाजपा संगठन के बीच इस विषय पर कई दौर की बैठकें हो चुकी हैं। बताया जा रहा है कि संभावित नामों पर दिल्ली स्तर पर भी चचर्चा हुई है और संघ के साथ भी कुछ नामों को लेकर विचार-विमर्श किया गया है। इसके बाद अब नियुक्तियों की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने पद संभालने के बाद प्रदेश के सभी संभागों का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों से मुलाकात कर संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया था। साथ ही उन्होंने यह भरोसा भी दिलाया था कि पार्टी में सक्रिय रहने वाले किसी भी कार्यकर्ता की उपेक्षा नहीं होने दी जाएगी। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए संगठन विस्तार और राजनीतिक संतुलन बनाने की दिशा में यह कदम अहम माना जा रहा है।




**यहां होना हैं नियुक्तियां**-सरकार अब सबसे पहले उन आयोगों में नियुक्तियां करने की तैयारी कर रही है, जो लंबे समय से खाली है और जिनका सीधा संबंध आम लोगों की शिकायतों और अधिकारों से जुड़ा हुआ है। इनमें मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग, राज्य महिला आयोग, अनुसूचित जाति आयोग, अनुसूचित जनजाति आयोग, राज्य मानवाधिकार आयोग, राज्य सूचना आयोग, राज्य उपभोक्ता विवाद प्रत्तितोष आयोग, राज्य नीति आयोग और मध्य प्रदेश विद्युत नियामक आयोग जैसे प्रमुख आयोग शामिल हैं। इसके अलावा विभिन्न निगम मंडलों, विकास प्राधिकरणों और बोर्डों में भी नियुक्तियां की जानी हैं। इनमें अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पदों को आमतौर पर मंत्री का दर्जा दिया जाता है। इसलिए पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और पूर्व जनप्रतिनिधि भी इन पदों के लिए दावेदारी जता रहे हैं। भाजपा का मानना है कि इन नियुक्तियों के जरिए जमीनी स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ताओं को सम्मान और जिम्मेदारी देकर संगठन को और मजबूत किया जा सकेगा।

### दो साल से खाली पड़े हैं मंडल और बोर्ड

दरअसल फरवरी 2024 में प्रदेश की नवगठित सरकार ने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल में की गई कई राजनीतिक नियुक्तियों को निरस्त कर दिया था। इसके तहत विभिन्न निगम-मंडलों, बोर्ड और आयोगों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा अन्य पदों पर की गई नियुक्तियां समाप्त कर दी गई थीं। इसके बाद से ही इन संस्थाओं के अधिकांश पद खाली पड़े हुए हैं और नई नियुक्तियों का इंतजार किया जा रहा है।

### *सक्रिय कार्यकर्ताओं को साधने और संतुलन बनाने पर फोकस*

*दरअसल हाल ही में भाजपा की प्रदेश कार्यकारिणी और अधिकांश जिलों की जिला कार्यकारिणी की घोषणा की जा चुकी है। इन सूचियों में जगह नहीं पाने वाले कई वरिष्ठ नेता और सक्रिय कार्यकर्ता पार्टी नेतृत्व से नाराज भी बताए जा रहे हैं। ऐसे नेताओं और पदाधिकारियों को निगम-मंडल, बोर्ड और प्राधिकरणों जिम्मेदारी देकर संतुलन साधने की योजना बनाई गई है। सूत्रों के अनुसार कई प्रमुख निगम-मंडलों और प्राधिकरणों के लिए नाम लगभग तय कर लिए गए थे, लेकिन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू होने के कारण इन नियुक्तियों को फिल्हाल रोक दिया गया था। अब चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद एक बार फिर यह मामला तेजी से आगे बढ़ रहा है। बताया जा रहा है कि दो दिन पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने दिल्ली में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर इस विषय पर चर्चा की है। इस दौरान नियुक्तियों को लेकर अंतिम रणनीति पर भी विवार हुआ। इसके बाद अब जल्द ही पहली सूची जारी किए जाने की संभावना जताई जा रही है।*

## न्यूज ब्रीफ

- होली से पहले दिल्ली का 'ऑपरेशन आघात', नशाखोरों-जुआरियों समेत 918 लोगों पर एक्शन
- पाकिस्तान पर तालिबान का प्रचंड वार
- लालू से जुड़े मामले में आरोप तय करने पर आज अपना फैसला सुना सकता है राउज एवेन्यू कोर्ट
- शंकराचार्य के मुद्दे पर अखिलेश-केशव आमने-सामने, डिप्टी सीएम बोले- वो हमारे भगवान, सपा प्रमुख ढोंगी
- सोनिया गांधी बोलीं- खामेनेई की हत्या पर सरकार की चुप्पी तटस्थता नहीं, जिम्मेदारी से पीछे हटना

### अवकाश की सूचना

बुधवार, 04 मार्च 2026 को होली पर्व के उपलक्ष्य में 'दैनिक इंदौर संकेत' कार्यालय का पूर्ण अवकाश रहेगा। अगला अंक गुरुवार, 05 मार्च 2026 को प्रकाशित होगा। - **संपादक**

# सऊदी अरब ने आठ ड्रोन मार गिराए

## नेतन्याहू ने कहा- ईरान से जारी जंग अभी चलेगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)** • पश्चिम एशिया की जमीन इन दिनों बारूद की गंध से भरी है। इस्राइल और अमेरिका की ओर से ईरान पर जारी सैन्य हमलों और ईरान की जवाबी कार्रवाई का आज चौथा दिन है। दोनों देशों की संयुक्त बमबारी तेज हो गई है और अमेरिकी राष्ट्रपति ने संकेत दिया है कि यह अभियान चार-पांच हफ्ते तक चल सकता है। पूरा क्षेत्र युद्ध जैसे हालात से गुजर रहा है।

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने उन आलोचकों को जबाव दिया है, जो कहते हैं कि ट्रंप ने 'अंतहीन' विदेशी युद्धों से बचने के अपने चुनावी वादे को तोड़ दिया है। फॉक्स न्यूज पर बोलते हुए वेंस ने तर्क दिया कि ईरान पर हमला करने का ट्रंप का फैसला इराक और अफगानिस्तान पर अमेरिका के युद्धों से अलग है।



उन्होंने कहा, 'डोनाल्ड ट्रंप किसी भी हालत में देश को बिना किसी स्पष्ट अंत और बिना किसी स्पष्ट उद्देश्य के कई वर्षों तक चलने वाले संघर्ष में नहीं पड़ने देंगे। वेंस ने कहा कि उस उद्देश्य का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि ईरान को परमाणु हथियार न मिल पाए।

सऊदी अरब के रक्षा मंत्रालय के अनुसार सऊदी अरब ने रियाद और पास के शहर अल-खारज की ओर जा रहे कम से कम 8 ड्रोन को रोककर नष्ट कर दिया है। इसके अलावा कोई अतिरिक्त जानकारी नहीं दी गई। मंगलवार की सुबह मंत्रालय ने पुष्टि की है कि रियाद में अमेरिकी दूतावास पर कम से कम दो ड्रोन हमले हुए, जिसके परिणामस्वरूप दूतावास परिसर के अंदर एक इमारत में सीमित आग और मामूली क्षति हुई।

# अमेरिकी दूतावास पर ड्रोन हमला

## डोनाल्ड ट्रंप बोले- जल्द देंगे जवाब

**नई दिल्ली (एजेंसी)** • पश्चिम एशिया में बीते कुछ दिनों से दहशत का माहौल है। इस्राइल, अमेरिका और ईरान के बीच जारी सैन्य टकराव का आज (03 मार्च) चौथा दिन है। इस बीच तनाव और ज्यादा बढ़ता नजर आ रहा है। अमेरिका और इस्राइल की संयुक्त कार्रवाई के बाद ईरान के भी चुप नहीं है और ताबड़तोड़ पलटवार कर रहा है। सऊदी, कतर और कुवैत सहित कई अरब देशों में स्थित अमेरिकी ठिकानों पर ईरान बमबारी कर रहा है। इस्राइल की सेना का तेहरान और बेरूत पर लगातार हमला जारी है। वहीं ईरान की ओर से भेजे गए दो ड्रोन रियाद स्थित अमेरिकी दूतावास के पास गिरे। फॉक्स न्यूज की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। ईरान ने कुवैत में अमेरिका के आरिफजान बेस पर हमला किया है।



### ईरान से 4-5 हफ्ते चल सकती है जंग

व्हाइट हाउस में दिए बयान में अमेरिका राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि यह सैन्य अभियान 4 से 5 सप्ताह तक चल सकता है और जरूरत पड़ने पर इससे अधिक समय तक भी जारी रह सकता है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिकी सेना बड़े पैमाने पर सैन्य कार्रवाई कर रही है।

**अमेरिका नागरिकों से तुरंत खाड़ी देश छोड़ने की अपील**-इधर, अमेरिका विदेश विभाग ने अपने नागरिकों से गंभीर सुरक्षा जोखिमों के चलते खाड़ी देशों को तुरंत छोड़ने को कहा है। इन देशों में बहरीन, कुवैत, मिस्त्र, लेबनान, ईरान, ओमान, इराक, कतर, इस्राइल, वेस्ट बैंक और गाजा, सऊदी अरब, सीरिया, जॉर्डन, यूएई और यमन शामिल हैं।

# बीएड प्रथम सेमेस्टर के नतीजों पर बवाल, उठे मूल्यांकन पर सवाल




**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • देवी अहिल्या विश्वविद्यालय द्वारा जारी बीएड प्रथम सेमेस्टर परीक्षा परिणाम को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। तीन दिन पहले घोषित किए गए नतीजों में औसत परिणाम 40 से 42 प्रतिशत के बीच रहा, जबकि विश्वविद्यालय के अनुसार लगभग 45 प्रतिशत यानि 3300 से अधिक विद्यार्थी ही उत्तीर्ण हो सके। परीक्षा में 49 कॉलेजों के 7209 विद्यार्थी शामिल हुए थे।

परिणाम के मुताबिक 549 विद्यार्थी दो या उससे अधिक विषयों में अनुत्तीर्ण रहे, जबकि करीब तीन हजार छात्रों को एक एक विषय में एटीकेटी मिली। पांच ऐसे कॉलेज भी सामने आए हैं, जहां 10 प्रतिशत विद्यार्थी भी पास नहीं हो सके। कई कॉलेजों का परिणाम 20 से 22 प्रतिशत के बीच सिमट गया। खराब परिणाम को लेकर सोमवार को अशासकीय निजी महाविद्यालय शिक्षा संचालक संघ के अध्यक्ष अभय पांडे, गिरधर नागर सहित अन्य संचालक कुलगुरु डॉ. राकेश सिंघई से मिलने पहुंचे। उन्होंने मूल्यांकन प्रक्रिया पर आपत्ति जताते हुए कहा कि कॉपियों की जांच अन्य विश्वविद्यालयों के शिक्षकों से करवाई जानी थी, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। विद्यार्थियों ने भी आरोप लगाया है कि सभी प्रश्न हल करने के बावजूद उन्हें तीन-चार अंकों से रोक दिया गया। बैठक के दौरान संचालकों और कुलगुरु के बीच तीखी बहस हुई और माहौल गरमा गया। विवाद बढ़ने पर कुलगुरु बैठक बीच में छोड़कर चले गए। मामले में अब पुनर्मूल्यांकन की मांग तेज हो गई है।

### ड्यूटी के दौरान दर्दनाक हादसा : सीवर टैंक में समा गई दो जिंदगियां

# होली की खुशी मातम में बदली ड्रेनेज चैंबर की जहरीली गैस ने छीन लिए दो घरों के सहारे...

- निगम की लापरवाही से दो सफाईकर्मियों को हो गई मौत
- निगम ने कहा-चैंबर की सफाई के लिए नहीं उतरे थे

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • शहर की शाम सोमवार को उस वक्त मातम में बदल गई, जब चोइथराम मंडी गेट के पास सीवर टैंक की सफाई के दौरान जहरीली गैस ने नगर निगम के दो कर्मचारियों, अजय और करण की जान ले ली। जोन-13 में पदस्थ दोनों कर्मचारी रोज की तरह ड्यूटी पर निकले थे, लेकिन इस बार घर लौटना नसीब नहीं हुआ।

शाम करीब 6.30 बजे सफाई के दौरान सक्शन टैंकर का पाइप टूटकर टैंक में जा गिरा। जिम्मेदारी निभाने की भावना से अजय पहले टैंक में उतरे। जब वे बाहर नहीं आए तो करण भी उन्हें बचाने अंदर चले गए। टैंक में पहले से जमा जहरीली गैस ने दोनों को अपनी चपेट में ले लिया।



**बचाने के लिए दो युवक भी अंदर कुचे :** दम घुटने से वे बेहोश हो गए। उन्हें बचाने के लिए कर्मचारी अकबर और एक स्थानीय युवक भी अंदर कूद पड़े, लेकिन लोगों की सतर्कता से उन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। काफी मशक्कत के बाद अजय और करण को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही डीसीपी जोन-1 कृष्णलाल चंदानी, एडीसीपी सुमित करकट, एसीपी निधिन चौहान, टीआई नीरज बिरथरे के साथ निगम के अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे। टैंक में जमा जहरीली गैस के कारण करण और अजय का दम घुट गया जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस अफसरों का कहना है कि पीएम रि पोर्ट के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल मामले की जांच कर रहे हैं।

# भवनों व पीएम आवास में रेन वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य तालाबों से आजीविका गतिविधियां जोड़ें

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में जिले में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान तथा जल संरक्षण एवं जल संवर्धन से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन तथा वन मंडलाधिकारी लाल सुधाकर सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में जानकारी दी गई कि इंदौर जिले में वर्ष 2025-26 के दौरान जल संरक्षण एवं संवर्धन के क्षेत्र में प्रभावी कार्य किए गए। अमृत सरोवर अभियान के अंतर्गत 101 तालाबों का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया। वर्तमान वर्ष में इस अभियान के तहत 12 नए तालाब खुदवाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार पुष्कर धरोहर समृद्धि अभियान के तहत 392 जल संरक्षण एवं संवर्धन कार्य कराए गए तथा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत 713 निर्माण कार्य पूर्ण किए गए। इनमें मुख्य रूप से सोख पिट, रिचार्ज पिट, वर्षा जल संचयन संरचनाएं, खेत तालाब, पारंपरिक जल निकायों एवं टैंकों का नवीनीकरण शामिल है।

### 800 कार्य कराए जाएंगे

बैठक में बताया गया कि जल गंगा संवर्धन अभियान इस वर्ष भी संचालित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 800 कार्य कराए जाएंगे। प्रस्तावित कार्यों में चेक डैम निर्माण, तालाब निर्माण, पुलिया निर्माण, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, वेस्ट वेयर, कूप, खेत तालाब, डगवेल रिचार्ज तथा नवीन चेक डैम आदि शामिल हैं।

**बरसात से पहले काम पूरे करने के निर्देश**-कलेक्टर शिवम वर्मा ने निर्देश दिए कि जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन के सभी कार्य बरसात से पूर्व अनिवार्य रूप से पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि नए एवं पुराने तालाबों में आजीविका मिशन के अंतर्गत यूजर ग्रुप बनाए जाएं तथा इन समूहों से महिलाओं को जोड़कर आर्थिक गतिविधियाँ प्रारंभ की जाएं, जिससे तालाबों का उपयोग रोजगारपरक गतिविधियों के लिए भी हो सके।

# होली से पहले इंदौर नाथ तोड़ा इलाके में 100 से अधिक बोरी प्रतिबंधित रंग जब्त, कोतवाली पुलिस की जांच तेज

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● पुलिस ने होली और रंगपंचमी से पहले सेंट्रल कोतवाली थाना क्षेत्र के नाथ तोड़ा इलाके में बड़ी कार्रवाई की है। मुखबिर सूचना पर की गई दबिश में 100 से अधिक बोरी प्रतिबंधित और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक रंग बरामद हुए। पुलिस ने सामग्री को जांच के लिए भेजते हुए सप्लाई नेटवर्क की पहचान शुरू कर दी है। इंदौर में त्योहार से पहले रंगों के कारोबार पर सख्त निगरानी के बीच सेंट्रल कोतवाली पुलिस ने नाथ तोड़ा इलाके से 100 से अधिक बोरी प्रतिबंधित रंग जब्त किए हैं। यह कार्रवाई पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर की गई, जब शहर में होली और रंगपंचमी को देखते हुए विशेष सतर्कता लागू है। पुलिस के अनुसार दबिश मुखबिर से मिली सूचना के बाद दी गई। मौके से मिली सामग्री ऐसी श्रेणी की बताई जा रही है, जिसका इस्तेमाल रंगों में मिलावट के तौर पर किया जाता है और जो त्वचा तथा सामान्य स्वास्थ्य के लिए जोखिम पैदा कर सकती है।

जांच टीम अब केवल जब्ती तक सीमित नहीं रहना चाहती। फोकस इस बात पर है कि यह सामग्री कहां से लाई गई, किन माध्यमों से भंडारित की गई और इसे किन बाजारों या विक्रेताओं तक पहुंचाया जाना था। पुलिस अधिकारियों ने संकेत दिया है कि इस मामले को नेटवर्क के नजरिए से देखा जा रहा है, ताकि त्योहार के दौरान हानिकारक रंगों की सप्लाई रोकी जा सके।



जब्त किए गए रंगों के नमूने जांच के लिए भेजे गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद कानूनी धाराओं के तहत आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। पुलिस का कहना है कि त्योहार के समय मिलावटी या प्रतिबंधित सामग्री बेचने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

त्योहारों के दौरान रंगों की मांग अचानक बढ़ती है, ऐसे में सस्ते और मिलावटी विकल्प बाजार में लाने की कोशिशें भी तेज हो जाती हैं। इसी संदर्भ में इंदौर पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जांच पूरी होने तक संबंधित व्यक्तियों की पहचान और उनकी भूमिका की पड़ताल जारी रहेगी। पूरे मामले में जांच की जा रही है, जांच उपरांत संबंधित धाराओं में कार्रवाई की जाएगी।- कोतवाली थाना प्रभारी फिलहाल पुलिस की प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि होली और रंगपंचमी के दौरान आम लोगों तक सुरक्षित सामग्री ही पहुंचे और प्रतिबंधित रंगों की बिक्री पर प्रभावी रोक लगे।

### कोतवाली थाना क्षेत्र में लगातार निगरानी

सेंट्रल कोतवाली थाना क्षेत्र में इस कार्रवाई को एक अलग-थलग घटना की तरह नहीं देखा जा रहा। पुलिस फिलहाल अन्य इलाकों में भी इसी तरह की जांच और दबिश की प्रक्रिया जारी रखे हुए है, ताकि बाजार में पहुंचने से पहले संदिग्ध रंग और रसायन पकड़े जा सकें।

## न्यूज ब्रीफ

### राष्ट्रीय विज्ञान दिवस उत्साहपूर्वक मनाया

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई स्नातकोत्तर महाविद्यालय, इंदौर में गत दिवस को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन भौतिकी विभाग एवं वनस्पति शास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में संयोजक डॉ. अनीता मुकाती ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी. डी. श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को अनुसंधान एवं नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रशासनिक अधिकारी डॉ.वी.पी. बैरागी ने आधुनिक युग में विज्ञान के क्षेत्र में हो रहे तीव्र परिवर्तनों का उल्लेख करते हुए कहा कि वैज्ञानिक सोच ही प्रगति का आधार है।

### मदिरा दुकानें का बैच-2 प्रथम चरण में ई-टेण्डर के माध्यम से निष्पादन

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● वित्तीय वर्ष 2026-27 की सम्पूर्ण अवधि अर्थात् (दिनांक 01 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक की अवधि) के लिए इंदौर जिले के कुल 56 मदिरा एकल समूहों में सम्मिलित 173 कम्पोजिट मदिरा दुकानों में से 19 मदिरा समूह (जिनका वार्षिक मूल्य रूपयें 6,54,20,15,093/-) क्रमशः पिपल्यापाला, धरमपुरी, काली बिल्लौद, सांवेर, देवगुराडिया बायपास, सिमरोल, खजरानी, अभिलाषा नगर, नावदापंथ, आनंद बाजार, चौपाटी पिथमपुर रोड, बेटमा, माडर्न चौराहा, चंदन नगर, राजमोहल्ला, पलासिया क्रमांक 1, पलासिया क्रमांक 2. राजवाडा, तोपखाना में सम्मिलित 60 कंपोजिट मदिरा दुकानों का निष्पादन बैच-2 प्रथम चरण में ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) के माध्यम से निष्पादन हेतु विज्ञप्ति जारी की गई है।

### शासकीय सेवकों को मिलेगा 3 प्रतिशत अति. महंगाई भत्ता

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को उल्लास एवं रंगों के त्यौहार होली की बधाई और मंगलकामनाएं देते हुए कहा कि प्रदेश के शासकीय कर्मचारियों को होली के तोहफे के रूप में डीए में वृद्धि की सौगात दी जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (डीए) में 3 प्रतिशत की वृद्धि करने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही प्रदेश के शासकीय कर्मचारियों और पेंशनर्स का महंगाई भत्ता 55 प्रतिशत से बढ़कर अब 58 प्रतिशत हो जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य के कर्मचारियों को भारत सरकार के समान माह अप्रैल 2026 पेड इन मई 2026 के वेतन पर 58 प्रतिशत महंगाई भत्ते का लाभ दिया जाएगा। इसमें जुलाई 2025 से मार्च 2026 तक के एरियर की राशि मई 2026 से प्रारंभ कर 6 समान किश्तों में भुगतान करने का निर्णय सरकार द्वारा लिया गया है।

### राष्ट्रीय जिनशासन एकता संघ ने सलेकचंद जैन के शोध और साक्ष्यों का किया समर्थन

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● राष्ट्रीय जिनशासन एकता संघ ने धार स्थित ऐतिहासिक भोजशाला के मूल स्वरूप इतिहास को लेकर अपना आधिकारिक पक्ष प्रस्तुत किया है। राष्ट्रीय जिन शासन एकता संघ के राजेश जैन दद्दू एवं मयंक जैन ने बताया कि समाज के वरिष्ठ शोधकर्ता और समाजसेवी श्री सलेकचंद जी जैन के वर्षों के अथक प्रयासों और उनके द्वारा प्रस्तुत ऐतिहासिक साक्ष्य एवं प्रमाणों का उल्लेख करते हुए शासन-प्रशासन से न्याय की अपील की है। समाज सेवी सलेकचंद जी ने रेखांकित किया कि जैन ने साक्ष्यों के आधार पर यह सिद्ध किया है कि लंदन के ब्रिटिश म्यूजियम में सुरक्षित अम्बिका देवी और जैन सरस्वती देवी की प्रतिमाएं मूलतः धार स्थित भोजशाला से ही प्राप्त हुई थीं।

## जैन समाज चुनाव हेतु सात नामांकन दाखिल सुशील पांड्या ने सामाजिक सांसद कीर्ति स्तंभ की ओर से नामांकन भरा



दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद के अध्यक्ष पद के लिए 15 मार्च 2026 को होने वाले चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के साथ ही अब नामांकन फॉर्म जमा करने की प्रक्रिया बंद हो गई है।

निर्वाचन कार्यालय से श्री वीरेंद्र जैन ने राजेश जैन दद्दू को जानकारी देते हुए बताया कि आज तक कुल 7 नामांकन फॉर्म जमा किए गए। मीडिया प्रभारी राजेश जैन दद्दू ने बताया कि दिगंबर जैन समाज समाजिक सासद के प्रत्याशी के रूप में दिगंबर जैन समाज के वरिष्ठ युवा समाजसेवी सुशील पांड्या ने अपना नामांकन मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नरेंद्र जैन को प्रस्तुत किया। नामांकन फार्म में श्री पांड्या के प्रस्तावक डॉ जैनेंद्र जैन एवं भूपेंद्र जैन ने समर्थन के रूप में हस्ताक्षर किए । इस अवसर पर श्री अमित कासलीवाल, एमके जैन, प्रतिपाल टोंगिया, राजेश डी जैन, राकेश विनायक राजेंद्र सोनी आदि उपस्थित थे। नामांकन फार्म जमा करने वाले शेष प्रत्याशी है दिलीप पाटनी, आनंद गोधा, आशीष जैन, योगेश जैन एवं बाहुबली जैन और प्रिंसपाल टोंग्या।

3 मार्च 2026 को नामांकन पत्रों की विधिवत जांच की जाएगी। इसके पश्चात वैध प्रत्याशियों की सूची जारी की जाएगी। 5 मार्च 2026 को नाम वापसी की अंतिम तिथि के साथ प्रत्याशियों की अंतिम सूची निर्वाचन कार्यालय में प्रकाशित की जाएगी।





## मीडिया कर्मियों ने एक से बढ़कर एक गीतों की प्रस्तुतियां दी

### 5 घंटे चले कार्यक्रम में पत्रकारों ने लता, किशोर, मुकेश, रफी, कुमार शानू, सोनू निगम के चुनिंदा नगमे पेश किए

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● इंदौर प्रेस क्लब द्वारा पहली बार आयोजित संगीत संध्या फनकार भी कलाकार में रविवार को 50 से ज्यादा पत्रकारों ने एक से बढ़कर एक गीतों की प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर शिवम वर्मा, प्रेस क्लब के दीपक कर्दम, पूर्व अध्यक्ष अरविंद तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। संगीत संध्या की शुरुआत गणेश वंदना से हुई और मीडियाकर्मियों ने किशोर कुमार, लता मंगेशकर, मोहम्मद रफी, मुकेश, सोनू निगम, कुमार शानू , मन्ना डे, एसपी बालसुब्रमण्यम, यसुदास और अन्य गायकों के चुनिंदा गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर कलेक्टर शिवम वर्मा ने कहा कि मीडिया कर्मियों की भाग दौड़ वाली जीवनशैली में गीत-संगीत उन्हें बहुत राहत प्रदान करता है, इसलिए इस तरह के आयोजन होते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि पत्रकारों के लिए आयोजित होने वाले ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों में जिला प्रशासन पूरा सहयोग करेगा। पूर्व अध्यक्ष अरविंद तिवारी ने कहा कि इंदौर प्रेस क्लब का यह पहला प्रयास है, जिसका हमें अच्छा प्रतिसाद मिला है। अब यह परंपरा आगे भी जारी रहेगी और भविष्य में संगीत का भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर इंदौर प्रेस क्लब के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय त्रिपाठी, प्रियंका पांडेय, महासचिव प्रदीप जोशी, सचिव अभिषेक चेंडके, कोषाध्यक्ष मुकेश तिवारी, कार्यकारिणी सदस्य अभय तिवारी, प्रमोद दीक्षित, श्याम कामले, विजय भट्ट, महिला प्रतिनिधि पूनम शर्मा के साथ ही बड़ी संख्या में मीडियाकर्मी एवं उनके परिजन भी उपस्थित थे।

## जली सरकारी होली, उसकी अग्नि से दूसरे स्थानों पर होलिका दहन

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● सोमवार को फाल्गुन पूर्णिमा पर ही ज्यादातर स्थानों पर होलिका दहन हुए। चंद्र ग्रहण और भद्रा के साये के बीच पहली सरकारी होली शाम को ठीक सात बजे जली। 300 वर्षों से चली आ रही परंपरा को निभाते हुए सरकारी होली का दहन 1100 कंडों के साथ किया गया। यहां की अग्नि से आसपास के क्षेत्रों की होली जलाई गई।

शाम छह बजे से ही राजवाड़ा पर लोग जुटने लगे थे। होली जलने के बाद उन्होंने ऊंबी अंगारों पर सेंकी और जलती होली की परिक्रमा की। होलिका को राजपरिवार के लोगों द्वारा वस्त्र अर्पित किए गए और गोकाष्ट से होलिका दहन किया गया। सोमवार शाम 5.45 बजे से पूर्णिमा शुरू हो गई, जो तीन मार्च को शाम पांच बजे तक रहेगी। मंगलवार को चंद्रग्रहण दोपहर 3.21 से शाम 6.47 बजे तक रहेगा। इसका सूतक काल नौ घंटे पहले सुबह 6.21 बजे से लगेगा, जो ग्रहण समाप्त होने तक यानी शाम 6.47 बजे तक रहेगा। इस कारण जिन परिवारों में किसी सदस्य की मृत्यु हुई है।



## नेक्सस इंदौर सेंट्रल में पॉ फेस्ट और लाइव जैमिंग ने बिखेरा उत्सव का रंग

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● नेक्सस इंदौर सेंट्रल ने सामुदायिक उत्सव और मनोरंजन को नई ऊर्जा देने के उद्देश्य से आकर्षक गतिविधियों की श्रृंखला प्रस्तुत की। पाव फेस्ट की दिल छू लेने वाली झलकियों से लेकर कृष्?णा संसार ऑर्गनाइजेशन द्वारा आयोजित जोशीले जैमिंग सेशन तक, मॉल दो जीवंत संध्याओं का केंद्र बना रहा—जहाँ संगीत, उत्साह और यादगार पलों ने परिवारों और आगंतुकों को एक साथ जोड़ा। 26 फरवरी को आयोजित जैमिंग सेशन में 200 से अधिक संगीत प्रेमियों ने भाग लिया। लय, रचनात्मकता और सामूहिक उत्सव से भरी इस संध्या ने मॉल को एक जीवंत सांस्कृतिक स्थल में बदल दिया, जहाँ संगीत की सार्वभौमिक भाषा ने लोगों के बीच जुड़ाव को और मजबूत किया।



## जांगड़ा पोरवाल समाज का तीन दिवसीय होली महोत्सव शुरू



दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● जांगड़ा पोरवाल पंचायती सभा, इंदौर द्वारा आयोजित तीन दिवसीय होली महोत्सव का शुभारंभ 1 मार्च को फाग उत्सव के साथ हर्षोल्लासपूर्वक किया गया। रंग, गुलाल और पारंपरिक गीत-संगीत के बीच समाजजनों ने उत्सव की शुरुआत की।

उत्सव समिति से अरुण पोरवाल ने बताया कि यह आयोजन समाज की एकता, प्रेम और सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजने का प्रयास है। कार्यक्रम में अध्यक्ष रामदयाल जी फरक्या, सुभाष जी धनोतिया, लेखराज जी कारा, राहुल जी धनोतिया (टिटू अतिथि), अमित मेहता सहित समाज के बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे। महिला मंडली द्वारा फाग उत्सव - कार्यक्रम के पहले दिन 1 मार्च (रविवार) को सायं 4 से 7 बजे तक महिला मंडली द्वारा फाग उत्सव मनाया गया। पारंपरिक फाग गीतों, नृत्य और रंगों के साथ समाज की महिलाओं ने उत्सव को जीवंत बना दिया। फूलपाती कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह -4 मार्च (बुधवार) को मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें सायं 4 बजे फूलपाती कार्यक्रम रखा गया है। इसके पश्चात सामान्य सभा, प्रतिभा सम्मान, समाज मिलन समारोह एवं स्नेह भोज का आयोजन किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार 4 मार्च को आयोजित मुख्य समारोह में लगभग 4000 लोगों के शामिल होने का अनुमान है। समाज के सभी वर्गों में कार्यक्रम को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन स्थल -सभी कार्यक्रम श्री जांगड़ा पोरवाल समाज परिसर, श्री नृसिंह मंदिर, छत्रीबाग, इंदौर में आयोजित किए जा रहे हैं।



## तमाशा मत देखो ?

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● एक गांव में आग लग गई। आग बढ़ती जा रही थी और गांव वाले अपनी जान बचाने हेतु इधर-उधर भाग रहे थे एक चिड़िया ने यह दृश्य देखा और अपनी सोच में पानी भर कर आग बुझाने का प्रयास करने लगी वह बार-बार अपनी सोच में पानी लाती और आग पर डालते जब गांव वालों ने चिड़िया को आग पर पानी डालते देखा तो वह बार बार वह अपनी चोंच से पानी लाती और आग पर डालती । जब गांव वालों ने चिड़िया को आग पर आग पर पानी डालते देखा तो उनमें भी जोश आ गया और बोले कि अगर यह चिड़िया प्रयास कर रही । तो हम क्यों नहीं कर सकते । सबने प्रयास किया और आग बुझ गई । यह सब एक कौआ देख रहा था । उसने चिड़िया से कहा कि तेरे पानी डालने से कुछ नहीं होना तो था ही नहीं । तो फिर क्यों कर रही है । पानी तेरे डालने से कुछ नहीं नहीं हुआ लेकिन मुझे गर्भ है कि जब भी इस आग की बात होगी तो मेरी गिनती आग बुझाने वालों में होगी तेरी तरह लेकिन जब भी इस आग की बात होगी तो मेरी गिनती आग बुझाने वालो में होगी तेरी तरह से तमाशा देखने

**- हीरालाल वर्मा**

# एक्रोपोलिस कॉलेज में छात्र पर हमले की घटना को लेकर जमकर रोष

### कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन, छात्रसंघ चुनाव की मांग

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र नेताओं द्वारा पिछले दिनों एक्रोपोलिस कॉलेज के छात्रों के साथ झूमा झटकी के साथ गाड़ी गलौज करने के साथ उनका सिर तक फोड़ा गया। उक्त कॉलेज के छात्र के साथ हुई मारपीट की घटना अत्यंत निंदनीय और चिंताजनक है। कैंपस में बढ़ती हिंसा और दबंगई से छात्रों में भय का माहौल बन रहा है, जो शिक्षा के वातावरण के लिए घातक है। एनएसयूआई इंदौर इस घटना की कड़ी निंदा करती है और दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग करती है। एनएसयूआई का कहना है कि महाविद्यालय लोकतंत्र और विचार-विमर्श के केंद्र होते हैं। यदि वहां भय और हिंसा का वातावरण बनेगा तो छात्रों की अभिव्यक्ति और अधिकार प्रभावित होंगे। इसलिए प्रशासन से मांग है कि घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए तथा सभी कॉलेज परिसरों में सुरक्षा के ठोस इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं।





साथ ही, एनएसयूआई पुनः यह मांग करती है कि मध्यप्रदेश में लंबित छात्रसंघ चुनाव शीघ्र कराए जाएं। छात्रसंघ चुनाव लोकतंत्र की पहली पाठशाला हैं, जो छात्रों को नेतृत्व और प्रतिनिधित्व का अवसर प्रदान करते हैं। चुनाव न होने से छात्रों की आवाज़ दबती है और असंतोष बढ़ता है। एनएसयूआई इंदौर स्पष्ट करती है कि वह छात्र हित, शांति और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। यदि प्रशासन शीघ्र कार्रवाई नहीं करता है तो संगठन छात्र हित में लोकतांत्रिक आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। आज ज्ञापन के दौरान मुख्य रूप से एनएसयूआई जिला अध्यक्ष रजत सिंह पटेल ,शुभम सिंह दरबार ,सन्नी ठाकुर ,तकीज़ मेहर ,राहुल ठाकुर ,अंकित सरोनिया ,तेज सिंह सैंगर,संदीप पटौदे ,शुभम् दयाल,सौरव सेख ,कपिल सोलंकी ,फ़िरोज़ ,हिमांशु मलोरिया ,शुभम् ठाकुर ,देव चौहान ,कुणाल सुनहरे ,परम सोनकर ,शशांक ,शिवानी गुर्जर ,सेजल ,शुभ ,तन्मय चौहान ,नवीन पवाँर ,साहिल अन्य साथी मौजूद थे।

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत
इंदौर, मंगलवार 03 मार्च 2026

# किसान बार-बार सड़कों पर, हर महीने 25 आंदोलन, दो साल में 600 से ज्यादा प्रदर्शन

**भोपाल (एजेंसी)** ●मप्र सरकार इस साल यानी 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के तौर पर मना रही है। सरकार का फोकस खेती की लागत घटाकर किसानों की आमदनी बढ़ाने पर है। दूसरी तरफ, प्रदेश में हर महीने औसतन 25 किसान आंदोलन हो रहे हैं। विधानसभा के बजट सत्र में कांग्रेस विधायक आतिफ अकील ने पूछा कि 1 जनवरी 2024 से लेकर फरवरी 2026 तक भोपाल सहित मध्य प्रदेश में कितने आंदोलन हुए। इन आंदोलनों में पुलिस से झड़प में कितने किसानों की मौतें हुईं, कितने किसान घायल हुए। इन आंदोलनों के दौरान कितने किसानों के



खिलाफ केस दर्ज किए गए। इनमें से कितने मामलों में खात्मा लगाया गया।

इसके जवाब में गृह विभाग की ओर से बताया गया कि जनवरी 2024 से फरवरी 2026 तक प्रदेशभर में करीब 609 किसान आंदोलन हुए हैं।

मोहन सरकार के कार्यकाल में सागर जिले में सबसे ज्यादा किसानों के 76 आंदोलन और प्रदर्शन हुए हैं। दूसरे नंबर पर खरगोन जिले में 61 आंदोलन हुए। ग्वालियर जिले में 44, नरसिंहपुर, खंडवा और रीवा में 38-38 आंदोलन हुए। जबलपुर से सटे कटनी जिले में दो साल में 35 किसान आंदोलन हुए हैं।

प्रदेश में दो साल में सबसे ज्यादा किसान आंदोलन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुषांगिक संगठन भारतीय किसान संघ ने किए। इसके बाद भारतीय किसान यूनियन, संयुक्त किसान मोर्चा सहित तमाम किसान संगठनों ने आंदोलन धरना, प्रदर्शन किए। इन्हीं दो साल में मध्य प्रदेश कांग्रेस और किसान कांग्रेस ने करीब 37 आंदोलन किए हैं।

**3 महीने में दो बार किसानों के सामने झुकी सरकार** – हाल ही में मोहन सरकार किसानों के सामने दो बार झुक चुकी है। पहली बार उज्जैन सिंहस्थ के लिए जमीन अधिग्रहण मामले में सरकार ने लैंड पूलिंग एक्ट वापस लिया था। इसके बाद उज्जैन-इंदौर ग्रीनफील्ड कॉरिडोर रोड की ऊंचाई कम करने का फैसला लेना पड़ा। दोनों ही मामले में किसानों के विरोध और दबाव के बाद सरकार को कदम वापस लेने पड़े।

## न्यूज ब्रीफ

### श्री राम मंदिर में 404 साल पुरानी परंपरा का निर्वहन, कंडों से जली होली

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● श्री राम मंदिर पंचकुइया में इस वर्ष भी 404 साल पुरानी परंपरा का श्रद्धा और उल्लास के साथ निर्वहन किया । मंदिर परिसर में 1100 गोबर के कंडों से विधि-विधानपूर्वक होलिका दहन किया। पंचकुइयां पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर रामगोपाल दास महाराज के सानिध्य में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओ द्वद्र भक्ति भाव से पूजन-अर्चन कर सुख-समृद्धि की कामना की। पंचकुइया पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर राम गोपाल दास महाराज के पावन सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच होलिका दहन किया। जैसे ही अग्नि प्रज्वलित हुई, 'होली है' और 'जय श्री राम' के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा। मंदिर की यह परंपरा धार्मिक आस्था का प्रतीक है, पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देती है। गोबर के कंडों से होली जलाने की परंपरा प्राकृतिक और शुद्ध मानी जाती है, जो सनातन संस्कृति की मूल भावना को दर्शाती है।

### नार्मदीय ब्राह्मण समाज के भगवान ठाकुर जी को लेकर वृंदावन की यात्रा पर रवाना



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● नार्मदीय ब्राह्मण समाज के समाजजन भगवान ठाकुर जी को लेकर मथुरा वृंदावन की यात्रा पर रवाना हुए। ठाकुर जी वृंदावन में बुधवार को होली खेलेंगे। तृप्तेश शर्मा ने बताया कि 25 से ज्यादा समाजजन भगवान ठाकुर जी को लेकर मथुरा - वृंदावन की यात्रा पर रवाना हुए। वृंदावन में भगवान ठाकुर जी के साथ होली खेलेंगे। हर साल ठाकुर जी वृंदावन जाकर होली खेलते हैं इस तरह इस वर्ष भी ठाकुर जी वृंदावन में होली खेलेंगे।

### कीर्तनकार ज्ञानदा पंडित की टीम ने भक्तों को आल्हादित बनाए रखा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● साउथ तुकोगंज स्थित श्रीनाथ मंदिर संस्थान में सोमवार को सुबह काकडा आरती, सामूहिक ग्रन्थपाठ एवं योगाभ्यानंद माधवनाथ महाराज के रुद्राभिषेक के साथ उनके 90वें पुण्यतिथि महोत्सव का शुभारंभ हुआ। शाम को टिटवाला, महाराष्ट्र की प्रसिद्ध कीर्तनकार ह.भ.प. सौ. ज्ञानदा बुरसे पंडित और उनकी टीम ने गणेश स्तवन के साथ ही गणेशजी के विभिन्न नामों की सुंदर व्याख्या कर अपने मनोहारी संकीर्तनों से पहले दिन ही भक्तों को पूरे समय आल्हादित बनाए रखा। महाराष्ट्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस महोत्सव में शामिल होने आए हैं। श्रीनाथ मंदिर संस्थान ट्रस्ट के अध्यक्ष, पूर्व राज्यपाल एवं न्यायमूर्ति वीएस कोकजे ने बताया कि महोत्सव में 9 मार्च तक प्रतिदिन सुबह के सत्र में सामूहिक ग्रन्थ पाठ एवं महाराजश्री का रुद्राभिषेक तथा में अनेक प्रख्यात भजन एवं कीर्तन मंडलों के कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

## अग्रसेन महासभा का फाग महोत्सव ओम साई रिसोर्ट पर आयोजित किया गया



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● श्री अग्रसेन महासभा का फाग महोत्सव ओम साई रिसोर्ट निपानिया में आयोजित किया गया। होली खेल रहे गणपति से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। फाग गीत गायक श्री बाबू राजोरिया और उनकी टीम ने एक से बढ़कर एक गीतों की प्रस्तुति दी गई होलिया में उड़े रे गुलाल, अरे जा रे हट नटखट, रंग दे गुलाल मोहे, होली के दिन दिल खिल जाते हैं, रंग बरसे भीगी बज वाली रंग बरसे के गीतों पर समाज के सभी लोग झूम उठे। संगीतकार प्रकाश गौड़ के संगीत संयोजन में गायिका कविता श्रीवास्तव नेहा पवार उर्मिला राजोरिया और गोपीका शर्मा के द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई फाग महोत्सव में बड़ी संख्या में समाज बंधुओ ने हिस्सा लिया।

## इंदौर स्थापना दिवस पर मंडलोई परिवार के सदस्यों ने समर्पित की पुष्पांजलि

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर स्थापना दिवस समारोह समिति के तत्वावधान में सोमवार को सुबह शहर के प्रथम शासक राव राजा राव नन्दलाल मंडलोई एवं अन्य शासकों की छत्रियों का सौल्लास पूजन किया गया। समिति के प्रमुख और मंडलोई परिवार के वंशज युवराज वरदराज मंडलोई सहित परिवार के अनेक सदस्यों और स्नेहीजनों ने पहले चंपाबाग और फिर दौलतगंज पहुंचकर वहां स्थित छत्रियों पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा अर्चना कर बड़ा रावला के सामने स्थित चिन्ताहरण गणेश मंदिर में शहर में शांति, सद्भाव एवं समृद्धि के लिए प्रार्थना की। बड़ा रावला में उनकी परम्परागत गादी की पूजा भी की गई। मंडलोई परिवार ने होली के शुभ प्रसंग पर नागरिकों को बधाई और शुभकामनाएँ भी समर्पित की।

## माहेश्वरी कुटुम्ब के फाग महोत्सव में तोप से फूलों की वर्षा के बीच वृन्दावन के कलाकारों ने बांधे रखा हजारों दर्शकों को



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● संस्था माहेश्वरी कुटुम्ब की मेजबानी में स्कीम 71 स्थित अक्षत गार्डन पर वृन्दावन की अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त बृज राधा रमण टोली के 24 महिला-पुरुष कलाकारों ने अपने गीत, संगीत, नृत्य और हास्य सहित इन्द्रधनुषी प्रस्तुतियों से हजारों दर्शकों को मंत्रमुग्ध बनाए रखा।

महिला-पुरुषों ने भी अलग-अलग समूहों में भजनों पर कलाकारों के साथ नृत्य किए। इस अवसर पर संस्था के प्रमुख शारदा प्रकाश अजमेरा और उनकी टीम ने गार्डन पर आधा दर्जन मिसाइलों से 100 फीट दूरी तक मार करने वाली सुगन्धित फूलों की वर्षा और उसके पूर्व गुलाबी साफे बांधकर मेहमानों का आत्मीय स्वागत किया। उत्सव में विधायक श्रीमती मालिनी लक्ष्मण सिंह गौड़, पार्षद जीतू राठोड, समाजसेवी हरीश विजयवर्गीय, माहेश्वरी समाज के प्रमुख बंधु भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। माहेश्वरी कुटुम्ब की ओर से इस मौके पर आशीष बाहेती, पुष्प माहेश्वरी, मनोज छापरवाल, श्याम भांगडिया, सत्यनारायण मंत्री, अशोक इनानी एवं रुपेश भूतड़ा ने अतिथियों की अगवानी की। मेहमानों को स्मृति चिन्ह घनश्याम काकाणी, रजत बेडिया, मोहन सोमानी, गोपाल राठी, कैलाश जाजू आदि ने भेंट किए। महोत्सव को पानी एवं रंगों से पूरी तरह मुक्त रखा गया था। करीब 4 घंटे चले इस महोत्सव में हजारों दर्शकों ने नाचते-गाते-झूमते हुए फाग गीतों का आनंद लिया। अंत में शारदा प्रकाश अजमेरा ने सबके प्रति आभार व्यक्त किया।

## फतेहपुरिया समाज का फाग एवं म्यूजिकल तम्बोला

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मल्हारगंज थाने के पास स्थित फतेहपुरिया समाज भवन पर रंगोत्सव के उपलक्ष्य में फाग एवं म्यूजिकल तम्बोला का रंगारंग आयोजन किया गया जिसमें समाज के करीब 450 महिला, पुरुषों एवं बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। होली और फाग गीतों से सजे म्यूजिकल तम्बोला की मस्ती में सभी उम्र के समाज बंधु डूबे रहे। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारियों, कैलाश बिदासरिया, सीके अग्रवाल, देवकीनंदन सिंघानिया, बासु टिबडेवाल, हुकमचंद अग्रवाल, सज्जन गर्ग, सतीश चौधरी, मुरारीलाल पालडीवाल, प्रवीण मुरारका सहित कार्यकारिणी के सदस्यों ने सभी समाज बंधुओं का आत्मीय स्वागत किया और विजेताओं को पुरस्कृत किया। करीब 3 घंटे चले इस आयोजन में समाज के लगभग सभी सदस्य परिवारों ने पूरे उत्साह के साथ अपनी भागीदारी दर्ज कराई।

## नशेड़ी कार चालक ने बाइक को मारी टक्कर





**इंदौर** ● नशेड़ी का र चालक ने रोड पर खड़ी बाइक को टक्कर मारी इंदौर बाढ़ गंगा कुंड स्थित गौशाला पर रोड पर खड़ी बाइक को एक नशेड़ी कार चालक ने टक्कर मारी बाइक कमला नेहरू निवासी राजेंद्र मालवीय की थी उन्होंने बताया कि मेरा बेटा और पत्नी बाढ़ गंगा कुंड पर स्थित गौशाला पर गए थे जैसे ही वह बाइक खड़ी कर अंदर जाने लगे वहां से गुजर रहे एक नशेड़ी कर चालक ने बाइक को टक्कर मार दी जिससे बाइक का हैंडल वह लाइट टूट गए आसपास के लोगों ने जैसे ही नशेड़ी कर चालक को पकड़ा तो वह माफी मांगने लगा आए दिन यहां पर नशेड़ियों का जमावड़ा लगा रहता है बाणगंगा पुलिस कोई कार्यवाही नहीं करती

## कृष्ण सुदामा जैसी सच्ची मित्रता कही नही : पं. नयन महाराज

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● कृष्ण सुदामा जैसी मित्रता कहीं नहीं है उनकी जैसी मित्रता हमें करना चाहिए। भगवान व्यक्ति के कर्मों से ही प्रसन्न होते है, पुराणों की कथा प्रतिदिन सुनना चाहिए मन संयमित होता है कथा सुनने से विश्वास होता है कि हमे जीवन में बुरा कर्म नहीं करना चाहिए,गलत रास्ते पर नही जाना, वाणी मीठी होनी चाहिए, जो व्यक्ति हनुमानजी का प्रतिदिन स्मरण करता है उसके सारे संकट



दूर हो जाते है, जीवन में मनुष्य उच्च पद पर भी प्रतिष्ठित हो जाए उसे कभी अहंकार नहीं करना चाहिए, जो व्यक्ति दूसरे के सुख को देकर जलते है उनको भगवान कभी सुख नहीं देता है इसलिए किसी के सुख को देखकर जलना नहीं चाहिए,सुखी होने के लिए व्यक्ति के दुख को देखो और उनके दुख में सहभागी बनो,बिना कर्म के जीवन में कुछ नही मिलता है सब कर्मों का ही फल मिलता है,कभी किसी की निंदा और बुराई नहीं करना चाहिए जीवन में सबको आगे बढ़ाने का कार्य करो कभी किसी को पीछे मत करो। यह बाते पंडित नीरज कृष्ण नयन महाराज ने विश्व ब्राह्मण समाज संघ द्वारा ऊषा नगर स्थित उषा राजे परिसर पर आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन कही।

सांध्य दैनिक
इंदौर संकेत

आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ



डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

कार्यालय का पता
5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर,
गुरुद्वारे के सामने, इंदौर
संपर्क: 94250-64357, 94245-83000

## सम्पादकीय

### युद्ध के बिगड़ते स्वरूप के बीच भारतीयों को वापस लाना चिंता का विषय

सरकार की ओर से आश्वस्त किया गया है कि युद्ध के असर से जूझ रहे देशों में भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संबंधित भारतीय दूतावासों से बातचीत की गई है। ईरान पर इजरायल और अमेरिका के साझा हमले के बाद युद्ध का स्वरूप बिगड़ता जा रहा है और कहना मुश्किल है कि आने वाले दिनों में यह कौन-सी दिशा अख्तियार करेगा। खासतौर पर हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद ईरान की ओर से जिस तरह की प्रतिक्रिया सामने आ रही है, उसमें मध्य-पूर्व के देशों में भी स्थिति चिंताजनक हो रही है। इस बीच भारत के लिए एक बड़ी फिक्र यह खड़ी हुई है कि अलग-अलग उद्देश्य से मध्य-पूर्व के देशों में गए जो भारतीय फंस गए हैं, उन्हें वहां से सुरक्षित कैसे निकाला जाए। अमेरिका और इजरायल के साझा हमले के जवाब में ईरान ने इजरायल को निशाना बनाने के साथ-साथ बहरीन, सऊदी अरब, कतर समेत कई देशों में स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डों पर मिसाइल से हमले किए हैं। ऐसे में समझा जा सकता है कि वहां रहने वाले लोगों के सामने किस तरह की मुश्किलें खड़ी हो रही होंगी। स्वाभावकि ही भारत के सामने बड़ी चिंता उन इलाकों में फंसे भारतीयों को वापस लाने की है। दरअसल, समूचे पश्चिम एशिया का इलाका इस समय युद्ध क्षेत्र में तब्दील हो गया लग रहा है। स्वाभाविक ही वहां रह रहे तमाम आम लोगों के सामने खुद को सुरक्षित रखना एक बड़ी चुनौती है। दूसरी ओर, जो लोग दूसरे देशों से वहां गए हैं, वे किसी तरह वहां से निकलने की उम्मीद में हैं। ऐसे में भारत सरकार ने युद्ध प्रभावित देशों से भारतीयों को सुरक्षित निकालने के लिए कोशिश शुरू की है, लेकिन ठोस नतीजे के लिए समय रहते कदम उठाना जरूरी है। सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीएस) ने पश्चिम एशिया में तेजी से बदलते हालात की समीक्षा की और सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि वे घटनाक्रम से प्रभावित भारतीयों की सहायता के लिए जरूरी और व्यावहारिक कदम उठाएं। सरकार की ओर से आश्वस्त किया गया है कि युद्ध के असर से जूझ रहे देशों में भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संबंधित भारतीय दूतावासों से बातचीत की गई है। भारत ने शांति और सुरक्षा के साथ-साथ विवादों के समाधान के लिए संवाद तथा कूटनीति का समर्थन किया है, लेकिन फिलहाल ज्यादा जरूरत इस बात की है कि युद्धग्रस्त इलाकों में फंसे लोगों की सुरक्षित वापसी की प्रक्रिया शुरू की जाए।

# शांति की बातें, युद्ध की तैयारी: सभ्यता का दोहरा चेहरा

- इतिहास नहीं, हिसाब: आने वाला कल हमसे जवाब माँगेगा
- विरासत या विनाश: हमारी आँखों के सामने जलता भविष्य

आसमान अभी भी धुंध और धुएँ से भरा था, जब हमारी आँखें टीवी स्क्रीन पर चमकते लाल ब्लॉकों में फँस गईं। एक पल पहले तक यह सिर्फ़ खबरें थीं—और अगले ही पल, यह हमारी ज़िन्दगी बन गई। अमेरिका और इज़राइल ने ईरान पर हमला किया। 28 फरवरी को अमेरिका और इज़राइल के संयुक्त हमलों में आयतुल्लाह अली ख़ामेनेई की मौत हुई, जिसकी पुष्टि ईरानी राज्य मीडिया ने 1 मार्च को की। इस खबर ने दुनिया को झकझोर दिया, लेकिन हमारे भीतर का झटका और भी गहरा था। यह कोई दूर की लड़ाई नहीं थी—यह हमारी किताबों में, हमारी दीवारों में, हमारी सांसों में उतर गई। स्कूल की किताबें अब कागज़ नहीं रह गई थीं। वे बम के टुकड़ों में बदल गई थीं। हर पन्ना खून से सना था, हर अध्याय मौत की कहानी कहता था। बच्चे अब पढ़ेंगे कि छिपना और बचना ही उनका पाठ बन गया। हमारी पीढ़ी ने उन्हें विरासत दी है—एक ऐसी विरासत जिसमें ज्ञान और भय, दोनों सिखाए जाते हैं।



हमने शांति की बातें कीं। 'डिप्लोमेसी चलेगी,' कहा। लेकिन 28 फरवरी को ऑपरेशन शुरू हुआ, और हमारी आँखें फिर अंधेरी हो गईं। टीवी बंद हुआ। सोशल मीडिया को स्क्रॉल करते हुए सोचा, 'यह हमारी दुनिया से दूर है।' लेकिन यह सच नहीं था। ईरान के न्यूक्लियर साइट्स पर हमले हुए, अमेरिकी सैनिकों की मौत की पुष्टि हुई है, इज़राइल पर मिसाइलें गिरीं, हिज़्बुल्लाह सक्रिय हुआ, और गल्फ़ में तेल सुविधाओं और जहाजों पर हमले हुए, आग और विस्फोट की खबरें आईं। और हम? हम खून से सनी किताबें तैयार कर रहे हैं। किताबें जो नई पीढ़ी को पढ़ाएंगी कि उनका भविष्य किस तरह जलता रहा, और उनकी आवाज़ कहाँ गुम हो गई। यह हमारी सच्चाई है, और हमारी चुप्पी—सबसे बड़ा अपराध।

यह युद्ध नया नहीं है, लेकिन हमने इसे अपनी विरासत बना लिया है। 2025 में, जब इज़राइल ने ईरान पर हमला किया, हमने इसे सिर्फ़ 'सीमित संघर्ष' कहकर नजरअंदाज किया। जब ट्रंप ने घोषणा की कि 'ईरान को न्यूक्लियर हथियार नहीं मिलेंगे,' हमने उसकी चेतावनी को हँसी में उड़ा दिया। लेकिन अब, 2026 में, ख़ामेनेई की मौत के बाद, तेहरान में नागरिक क्षेत्र प्रभावित हुए, अस्पतालों और स्कूलों पर असर की खबरें सामने आ रही हैं। हमारी पीढ़ी ने चुन लिया है – बच्चों को खून भरी किताबें थमाना, हथियार बेचना, और तेल के लिए आंखें मूंद लेना। और वही बच्चे अब पढ़ेंगे – हर अध्याय में मौत, हर पन्ने पर खून, और जिन किताबों में जीवन का कोई पाठ नहीं।

एक बच्चा अपनी माँ से पूछेगा, 'माँ, यह किताब क्यों लाल है?' और जवाब नहीं मिलेगा। क्योंकि यह लाल नहीं, यह खून से सनी थी। हमारी पीढ़ी ने कहा, 'हम लड़ रहे हैं ताकि तुम सुरक्षित रहो,' लेकिन लड़ाई किससे थी – खुद से? हमने घृणा बोई, नफ़रत उगाई। 'प्री-एम्प्टिव स्ट्राइक' की छाया में, मार का बोझ बच्चों पर पड़ा। युद्ध की छाया में रेडिएशन का खतरा मंडरा सकता है, कैंसर और बीमारियाँ पीढ़ियों को प्रभावित कर सकती हैं। हमने उन्हें क्या विरासत दी? ऐसी किताबें जिनमें हर जन्म मौत की सज़ा पढ़ाता है, और जिनमें जीवन का कोई पाठ नहीं।

यह सिर्फ़ मिडिल ईस्ट की समस्या नहीं है। वर्ल्ड वॉर थ्री की आहट अब हर दिशा में गूँज रही है, हर ख़बर, हर रेडियो, हर स्क्रीन पर इसकी गूंज सुनाई देती है। पोल्स चीख रहे हैं – अमेरिका में 46%, ब्रिटेन में 43%, फ्रांस में उच्च प्रतिशत, जबकि जर्मनी में कम लोग अगले पाँच साल में ग्लोबल वॉर को संभावित मानते हैं। लेकिन हम सुन नहीं रहे। हम अपनी आँखें बंद करके नई पीढ़ी के लिए खून से सनी किताबें तैयार कर रहे हैं। बच्चे पढ़ेंगे – ऐसी किताबें जो न्यूक्लियर विंटर की कहानियाँ कहेंगी, जहाँ सूरज छिपा रहेगा, जहाँ फसलें उगना भूल जाएँगी, और भूख ही मृत्यु का दूसरा नाम बन जाएगी। यह हमारी विरासत है, और इसके साए में बढ़ती हर पीढ़ी अपनी पहली और आखिरी पाठशाला में मौत और विनाश ही देखेगी।

हमने जलवायु परिवर्तन को अनदेखा किया। हमने युद्ध को सामान्य मान लिया। अब इसकी कीमत चुकाने वाली नई पीढ़ी होगी। उनकी पहली किताब विस्फोट की होगी, उनकी आखिरी राख की। उनका डीएनए बदल चुका होगा, उनका बचपन डर और सायरन की चीखों में बीतेगा। उनके खेल नहीं, बल्कि खतरे की घंटियों की गूँज उनके कानों में गूँजेगी। हमारी पीढ़ी का सबसे बड़ा अपराध यही है – युद्ध को अपनी विरासत बनाना। हमने किताबें लिखीं – खून से। लेकिन अब वही किताबें उनकी पहली और आखिरी पढ़ाई बन चुकी हैं। नई पीढ़ी पढ़ेगी और समझेगी कि हमने क्या किया, और यह समझ उन्हें हमारे फैसलों की कीमत बतलाएगी।

अब जागने का वक्त है – इससे पहले कि खून से सनी किताबें बच्चों की पहली और आखिरी पढ़ाई बन जाएँ। जागो। बदलो। लड़ो। क्योंकि अगर हमने अभी नहीं बदला, तो नई पीढ़ी सिर्फ़ खून के पन्ने पलटेगी, और हर सवाल के जवाब के लिए हमारी चुप्पी ही रह जाएगी। बच्चे पूछेंगे, 'तुमने हमें क्यों मारा?' और हमारे पास कोई उत्तर नहीं होगा। अब मौका है – युद्ध नहीं, बल्कि शांति की विरासत देने का। हमारी जिम्मेदारी अब तक़दीर बदलने की है। नई पीढ़ी के लिए खून नहीं, शिक्षा छोड़ो। यही हमारी अंतिम लड़ाई है – आखिरी मौका सुधार का, और आखिरी मौका यह दिखाने का कि हम अभी भी अपने कर्मों के प्रभारी हैं।

युद्ध नहीं, यह हमारी विरासत है। हमने बच्चों को किताबें सौंप दी हैं – खून से सनी, आँसुओं से भरी, और पीढ़ियों तक उठती चोटों की गूँज समेटे। यह हमारी चुप्पी, हमारी उदासीनता, और हमारी लालच का सजीव प्रमाण है। अब समय है कि हम बदलें। हमें नई पीढ़ी को देने वाली किताबों से खून हटाना होगा, उन्हें केवल शिक्षा, शांति और आशा की विरासत देनी होगी। यही हमारी अंतिम मौका है – अगर हमने अब कदम नहीं उठाया, तो कल का सूरज कभी नई पीढ़ी के लिए पूरी तरह चमकेगा ही नहीं। यह हमारी जिम्मेदारी है, और हमारी चेतावनी भी – बदलाव अब अनिवार्य है।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत',**
बड़वानी (मप्र)

## आंचलिक

### मंडी में डॉलर चना के दाम पर हंगाम, कम भाव से नाराज किसानों का चक्काजाम

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** ●मंडी में डॉलर चना के कम भाव मिलने से नाराज किसानों ने सोमवार दोपहर प्रदर्शन किया। नीलामी में डॉलर चना की अधिकतम बोली 7,000 रुपए प्रति क्विंटल लगने पर किसान भड़क गए। उन्होंने इसे कम बताते हुए कारण पूछा, जिस पर व्यापारियों ने ईरान-इजरायल युद्ध को जिम्मेदार ठहराया। किसानों ने इस जवाब से असंतोष जताते हुए मंडी में खरीदी रोक दी। लगभग 150 से अधिक किसानों ने बावड़ी बस स्टैंड पहुंचकर सड़क पर ट्रैक्टर अड़ा दिए और नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। जामनिया के किसान देवेंद्र यादव ने बताया कि उन्हें 6-7 हजार रुपए प्रति क्विंटल का भाव मिल रहा है, जबकि उन्हें 10 से 12 हजार रुपए का भाव मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि व्यापारी युद्ध को कम भाव का कारण बता रहे हैं, लेकिन युद्ध तो कल से शुरू हुआ है, जबकि व्यापारी पिछले पांच दिनों से कम भाव दे रहे हैं।

किसानों का आरोप है कि शासन-प्रशासन की सुनवाई न होने के कारण उन्हें सड़क पर उतरना पड़ा। लगभग 45 मिनट तक चले इस हंगामे के कारण इंदौर रोड पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सूचना मिलने पर एसडीएम वीरेंद्र कटारे और



कोतवाली थाना प्रभारी बीएल मंडलोई मौके पर पहुंचे और किसानों को समझाकर शांत कराया। यातायात पुलिस ने व्यवस्था बहाल की। सोमवार को दो दिन की छुट्टी के बाद मंडी में 650 से अधिक वाहनों में डॉलर चना पहुंचा था, जो इस सीजन की सबसे अधिक आवक रही। खरगोन मंडी में डॉलर चने की खरीदी 20 फरवरी से चल रही है। धामनोद और सनावद मंडियों में भी भाव को लेकर किसान संघ असंतोष जता चुके हैं। मंडी प्रशासन ने होली के मद्देनजर 3 और 4 मार्च की छुट्टी घोषित की है। व्यापारियों ने भी होली पर्व के कारण 7 मार्च तक नीलामी में भाग न ले पाने का आवेदन दिया है। इस प्रकार, अब मंडी 9 मार्च को खुलेगी।

### झोलाछाप डॉक्टर का क्लिनिक सील, मेडिकल वेस्ट का फोटो वायरल होने पर कार्रवाई की

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ● आदिवासी बाहुल्य खालवा ब्लॉक में इलाज के नाम पर लोगों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा हैं। स्वास्थ्य महकमे की देखरेख में झोलाछाप डॉक्टरों का कारोबार फल-फूल रहा हैं। ऐसे ही जब एक दिन पहले रोशनी गांव में मेडिकल वेस्ट का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो महकमे के अधिकारी मौके पर पहुंचे और कार्रवाई कर दी।

खालवा क्षेत्र के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. शैलेंद्र कटारिया ने पुलिस टीम के साथ शनिवार को रोशनी गांव में अपंजीकृत चिकित्सक द्वारा संचालित क्लिनिक को बंद करने की कार्रवाई की। डॉ. कटारिया ने बताया कि मप्र उपचर्यागृह व रुजोपचार संबंधी स्थापनाएं रजिस्ट्रीकरण, अनुज्ञापन अधिनियम 1973, नियम 1997 व संशोधित अधिनियम 2021 के तहत रोशनी में संचालित तापस मलिक का क्लिनिक बंद कराकर उसके विरुद्ध नोटिस जारी किया गया हैं। फिलहाल कार्रवाई के दौरान क्लिनिक पर कोई मरीज नहीं मिला हैं।



इधर, बता दें कि, जिले में पूर्व में भी पंधाना क्षेत्र में चार झोलाछाप डॉक्टरों के क्लिनिक सील किए गए थे। तब प्रशासन ने मरीजों की मौत होने पर एक्शन लिया था। हवाला दिया कि झोलाछाप डॉक्टरों के द्वारा शासन से कोई अनुमति नहीं ली गई थी। बिना रजिस्ट्रेशन के यह क्लिनिक संचालित होते हैं। बावजूद सील किए गए उक्त क्लिनिक वापस से चालू हो गए हैं। इन झोलाछाप डॉक्टरों पर स्वास्थ्य विभाग के सीएमएचओ से लेकर बीएमओ तक मेहरबान हैं।

### ब्रेक फेल ट्रक सिग्नल से टकराया तीन युवक बाल-बाल बचे

**दैनिक इंदौर संकेत**



**बुरहानपुर** ● सुबह एक बड़ा हादसा टल गया। खंडवा जिले के मूंदी से महाराष्ट्र जा रहे प्लाईवुड के चूरे से भरे एक ट्रक के ब्रेक फेल हो गए, जिससे वह शनवारा चौराहा स्थित ट्रैफिक सिग्नल से टकरा गया। इस घटना में तीन युवक बाल-बाल बचे, जबकि ट्रैफिक सिग्नल क्षतिग्रस्त हो गया। यह घटना सुबह करीब 5 बजे हुई। ट्रक मूंदी से प्लाईवुड का राखड़ लेकर बुरहानपुर से होते हुए महाराष्ट्र की ओर जा रहा था। शनवारा चौराहा पर पहुंचते ही अचानक ट्रक के ब्रेक ने काम करना बंद कर दिया। उसी समय तीन युवक टहलते हुए वहां से गुजर रहे थे। अपनी ओर तेजी से आते ट्रक को देखकर उन्होंने तुरंत भागकर अपनी जान बचाई। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी को कोई शारीरिक चोट नहीं आई।

ट्रक सीधे ट्रैफिक सिग्नल से जा टकराया, जिससे सिग्नल को काफी नुकसान पहुंचा। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। ट्रक ड्राइवर ने पुलिस को बताया कि मूंदी से प्लाई का राखड़ भरकर लाते समय बुरहानपुर के शनवारा चौराहा पर अचानक ब्रेक फेल हो गए और वाहन सिग्नल से टकरा गया। वहीं, प्रत्यक्षदर्शी मोहम्मद तैयब ने बताया कि ट्रक उनसे लगभग एक मीटर की दूरी पर था जब वह सिग्नल से टकराया। इस दौरान इमरान, अदनान और एक अन्य युवक सुरक्षित बच गए।

### भगोरिया मेले में दुकानदारों से ज्यादा किराया वसूली का आरोप

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** ● जिले के नेपानगर में रविवार को स्टेडियम ग्राउंड पर आयोजित भगोरिया उत्सव के दौरान दुकानदारों से ज्यादा किराया वसूले जाने का मामला सामने आया है। इस बात से नाराज दुकानदारों ने नगर पालिका के सीएमओ मोहन सिंह अलावा के बंगले के बाहर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। दुकानदारों का कहना है कि इस बार उनसे तय दर से कई गुना ज्यादा रकम ली गई। आरोप है कि 16 से 20 फीट जगह के लिए दो हजार रुपए और 8 फीट जगह के लिए एक हजार रुपए तक वसूले गए। जबकि पिछले कई वर्षों से भगोरिया मेले में दुकानों का किराया अधिकतम 200 रुपए तक ही लिया जाता था। इस बार अचानक किराया बढ़ाकर 1000 से 2000 रुपए कर दिया गया। दुकानदारों ने यह भी सवाल उठाया कि जिस नेहरू स्टेडियम ग्राउंड में भगोरिया हाट और दुकानें लगाई गईं, वह परिसर नेपा लिमिटेड के अधीन है। उनका कहना है कि नियम के अनुसार नगर पालिका को यहां से किसी भी प्रकार की वसूली करने का अधिकार नहीं है।



**100 से 300 पहुंचा किराया**- बुरहानपुर से आए दुकानदार जाविद खान ने बताया कि वे कई वर्षों से यहां बच्चों के सामान की दुकान लगाते हैं। पहले वे 50 से 100 रुपए तक किराया देते थे, लेकिन इस बार उनसे 8 फीट जगह के लिए एक हजार रुपए मांगे गए। गांधवा निवासी राधेश्याम ने बताया कि उनसे 20 फीट जगह के लिए दो हजार रुपए की रसीद काटी गई, जबकि पहले वे करीब 300 रुपए देते थे। इस मामले में सीएमओ मोहन सिंह अलावा से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। वहीं, नगर पालिका अध्यक्ष भारती विनोद पाटिल से भी बात नहीं हो सकी। दुकानदारों ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

### वन समिति अध्यक्ष की हत्या में उम्रकैद, काम नहीं देने के विवाद में गोली मारकर की थी हत्या

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ●ग्राम जिल्हार में वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष की गोली मारकर हत्या करने वाले को कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश अनिल चौधरी ने आरोपी सुरसिंग पिता कन्हैया भुरिया (48) को उम्रकैद के साथ 10 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया हैं। काम ना देने की बात को लेकर आरोपी ने वन समिति अध्यक्ष धनसिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतक ने इंदौर में इलाज के दौरान दम तोड़ा था। इधर, कोर्ट में अभियोजन की ओर से पैरवी एडीपीओ विनोद कुमार पटेल ने की। अभियोजन मीडिया सेल के अनुसार, 18 जून 2024 की शाम करीब 7.30 बजे फरियादी निर्मल अपने रिश्तेदार धनसिंग और शंकर के साथ ग्राम जिल्हार में धनसिंग की दुकान के बाहर बैठे थे। रात करीब 8 बजे धनसिंग सड़क पार चिरूर के पेड़ के पास बाथरूम करने गया। इसी दौरान गोली चलने की आवाज आई और धनसिंग ने आवाज लगाई कि सुरसिंग ने उसे गोली मार दी है। निर्मल मौके पर पहुंचा तो देखा कि आरोपी हाथ में बंदूक लेकर नाले की ओर से जंगल की तरफ भाग रहा था। रोशनी होने से आरोपी साफ दिखाई दे रहा था। धनसिंग के पेट में गोली लगी थी और गंभीर रक्तस्राव हो रहा था। उसे तत्काल सरकारी अस्पताल सनावद ले जाया गया, जहां से इंदौर रेफर किया गया। उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। मृतक धनसिंग वन विभाग की वन सुरक्षा समिति का अध्यक्ष था और मजदूरों को काम पर लगाता था। बताया गया कि आरोपी को काम पर नहीं लगाए जाने और पैसों के विवाद के चलते उसने जान से मारने की नीयत से गोली चलाई।

# अंकिता भकत की नजरें एशियाई खेलों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर लगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)** • तीरंदाज अंकिता भकत आजकल 2026 एशियाई खेलों की तैयारियों में लगी हैं। अंकिता एशियाई खेलों में अच्छा प्रदर्शन करना चाहती हैं। इसमें वह अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ औसत स्कोर पार करना चाहती हैं। उनका मानना है कि अगर तकनीक पर पूरी पकड़ बन गई, तो वह बड़े मंच पर देश के लिए बड़ा पदक जीत सकती हैं।अंकिता ने अपनी मेहनत से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फिर से पहचान बनाई है। पिछले साल उसने दक्षिण कोरिया में विपरीत हालातों में अभ्यास किया था। पेरिस ओलंपिक 2024 में चौथे स्थान पर रहने के कुछ महीनों बाद ही उन्होंने खुद को और बेहतर बनाने का फैसला लिया। अंकिता ने टोक्यो ओलंपिक पदक विजेता कांग चेयॉन्ग



और जांग मिन ही को भी हाल में हराया था, वहीं पेरिस ओलंपिक की सिल्वर मेडलिस्ट सु-ह्योन पर भी जीत दर्ज की। ऐसे में अब वह एशियाई खेलों को लेकर उत्साहित हैं।

अंकिता ने बहुत कम उम्र में कोलकाता के सर्कस ग्राउंड से तीरंदाजी शुरू की थी। लकड़ी के धनुष से शुरुआत कर उन्होंने टाटा आर्चरी अकादमी, जमशेदपुर तक का सफर तय किया। 2016 में पहली बार भारतीय टीम में जगह मिली और तब से अब तक वह कई अंतरराष्ट्रीय पदक जीत चुकी हैं। 2023 एशियन गेम्स में टीम ब्रॉन्ज भी उनके खाते में है।पेरिस ओलंपिक में हालांकि कुछ निर्णायक तीर निशाने से रह गये थे जिससे वह असफल रहीं। अंकिता का साफ कहना है कि हर खिलाड़ी से कभी-कभी गलती होती है और वह उन पलों को सीख की तरह लेती हैं। कोच के अनुसार वह अब पहले से बेहतर हुई है।

## तेंबा बावुमा को भारत-पाकिस्तान की नो हैंडशेक पॉलिसी पर ऐतराज



**अहमदाबाद (एजेंसी)** •दक्षिण अफ्रीका के प्रेरणादायी टेस्ट और वनडे कप्तान तेंबा बावुमा का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय मैचों के दौरान खिलाड़ियों द्वारा हाथ न मिलाना खेल के लिए अच्छा संदेश नहीं देता। बावुमा ने भारत-पाकिस्तान मुकाबलों में नो हैंडशेक नीति के अलावा अन्य मुद्दों पर बात की।

सामाजिक मुद्दों पर बेबाक राय रखने के लिए पहचाने जाने वाले 35 वर्षीय बल्लेबाज ने अपने देश में सभी को समान अवसर दिए जाने की जोरदार वकालत की और खेल को एकजुट करने वाली शक्ति पर भी बल दिया। बावुमा ने कहा, हां, अगर आप इसे बाहर से देखते हैं तो (हाथ नहीं मिलाने की नीति) अच्छी नहीं लगती। यह क्रिकेट के खेल के लिए अच्छा नहीं दिखता। आखिरकार यह भद्रजनों का खेल है, हम इसी सोच के साथ बड़े हुए हैं कि हमसे एक खास व्यवहार की अपेक्षा की जाती है।

## वेस्टइंडीज से ज्यादा खतरनाक है इंग्लैंड - सौरव गांगुली


**कोलकाता (एजेंसी)** • ईडन गार्डन्स में संजू सैमसन के ऐतिहासिक 97 रन के धमाके की गूंज अभी थमी नहीं है। इस शानदार जीत के साथ भारत सेमीफाइनल में पहुंच चुका है और अब पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने संजू की पारी पर अपनी मुहर लगा दी है। गांगुली ने न केवल संजू की प्रतिभा की तारीफ की, बल्कि चयनकर्ताओं को एक कड़ा संदेश भी दिया है। सौरव गांगुली संजू के प्रदर्शन से बेहद प्रभावित दिखे। उन्होंने कहा कि सैमसन एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं और उन्हें भारत



के लिए व्हाइट बॉल क्रिकेट में अब लगातार खेलना चाहिए। गांगुली के अनुसार, संजू उस श्रेणी के खिलाड़ी हैं, जो एक बार क्रीज पर जम जाएं, तो विपक्षी टीम को तहस-नहस करने की क्षमता रखते हैं। गांगुली ने भारतीय टीम को आगाह करते हुए कहा कि इंग्लैंड की टीम वेस्टइंडीज की तुलना में कहीं अधिक मजबूत और संतुलित है। उन्होंने सुझाव दिया कि वानखेड़े की परिस्थितियों को देखते हुए टीम इंडिया को अपनी रणनीति और अप्रोच में बदलाव करना होगा।

# फिल्म 'एकूस्ड' को लेकर बेहद उत्साहित हैं कोंकणा सेन शर्मा

**मुंबई (एजेंसी)** • अभिनेत्री कोंकणा सेन शर्मा अपनी नई फिल्म 'एकूस्ड' को लेकर बेहद उत्साहित हैं। 'एकूस्ड' कार्यस्थल पर महिलाओं के बीच पावर डायनामिक्स, यौन उत्पीड़न के आरोपों की जटिलता और मानवीय रिश्तों के धुंधले पहलुओं को गहराई से दिखाती है। फिल्म के प्रमोशन के दौरान उन्होंने बताया कि समाज में कई ऐसी कहानियां हैं, जिन्हें अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है, जबकि उन्हें सामने लाना बेहद जरूरी है। कोंकणा का मानना है कि यह फिल्म सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि दर्शकों की सोच और पूर्वाग्रहों को चुनौती देने का काम करेगी। कहानी एक ऐसी महिला के इर्द-गिर्द घूमती है जिस पर अपने ही कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया जाता है। इस बारे में बात करते हुए कोंकणा ने कहा कि यह स्क्रिप्ट आम धारणाओं को उलट देती है। उन्होंने कहा, 'हम ज्यादातर महिलाओं को पीड़ित की नजर से देखते हैं, आरोपी की नजर से बहुत कम। सही है कि अपराध ज्यादातर पुरुष करते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि महिलाएं ऐसा कर ही नहीं सकतीं। इस फिल्म में वही अनकहा पक्ष दिखाया गया है।' कोंकणा के अनुसार, फिल्म का सबसे रोचक पहलू यह है कि इसमें दो महिलाओं के बीच सत्ता के खेल, उम्र के अंतर, पद की असमानता और रिश्तों की जटिलता को बेहद वास्तविक तरीके से प्रस्तुत किया गया है।



# फिल्म 'सूबेदार' में मोना सिंह का नया अंदाज

**मुंबई (एजेंसी)** • अभिनेत्री मोना सिंह प्राइम वीडियो की फिल्म 'सूबेदार' में बबली दीदी के दमदार किरदार में नजर आएगी। प्राइम वीडियो की फिल्म सूबेदार ने एक ऐसा कास्टिंग सरप्राइज दिया है जिसकी किसी ने उम्मीद नहीं की थी। बबली दीदी के रूप में, मोना सिंह एक ऐसी महिला का किरदार निभा रही हैं जिसे अपराध विरासत में मिला है। वह जेल के पीछे से अवैध रेत खनन के कई घाट चलाती हैं और सूबेदार अर्जुन मौर्य (अनिल कपूर) को लगातार अपनी उंगलियों पर नचाती हैं। ताकतवर, अनप्रिडिक्टेबल और देसी मिट्टी की हकीकत से जुड़ी, यह मोना सिंह का वो अवतार है जो दर्शकों ने पहले कभी नहीं देखा। यह कहना गलत नहीं होगा कि 2026 के



किसी भी कयास में इस ट्विस्ट की भविष्यवाणी नहीं की जा सकती थी। मोना सिंह ने बताया कि मुझे सुरेश (त्रिवेणी) का फोन आया, वो मेरे अच्छे दोस्त हैं। उन्होंने मुझसे कहा, 'मोना, मैं तुम्हें एक ऐसा रोल ऑफर कर रहा हूं जो तुमने पहले कभी नहीं किया है।' उन्होंने मुझे स्क्रिप्ट सुनाई और मेरे किरदार के बारे में बताया, तो मेरा रिएक्शन था 'अरे बाप रे! यह क्या दे दिया मुझे?' मैंने ऐसा पहले कभी नहीं किया था। मोना सिंह ने कहा कि मुझे लगता है कि सुरेश के साथ काम करने का यह सबसे अच्छा हिस्सा है, और यह हमारा पहला कोलैबोरेशन है। अपने किरदार बबली दीदी के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि वह सरप्राइज से भरी हुई है और थोड़ी मनमौजी है। वह बहुत ही अनप्रिडिक्टेबल (जिसका अंदाजा न लगाया जा सके) है और अपनी कमियों को लेकर उसे कोई पछतावा नहीं है।

## उज्जैन संभाग

# महाकाल मंदिर में लेडी गार्ड-श्रद्धालु के बीच झगड़ा गेट नंबर एक से एंट्री को लेकर झूमाझटकी की

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • महाकाल मंदिर में लेडी गार्ड और राजस्थान के श्रद्धालुओं को लेकर आए पंडित के बीच एंट्री को लेकर विवाद हो गया। दोनों के बीच बहस होने के बाद अपशब्द कहे गए। झूमाझटकी भी हुई। इसका वीडियो सामने आया है। इसमें मंदिर के गेट नंबर-1 यानी अवंतिका द्वार पर पंडित कमलेश शर्मा और महिला सुरक्षाकर्मी ज्योति परमार के बीच बहस होती दिख रही है।

आरोप है कि गार्ड ज्योति ने पंडित शर्मा और उनके साथ आए श्रद्धालुओं को गालियां और धमकियां दीं। वहीं, वीडियो में शर्मा भी ज्योति से विवाद करते नजर आ रहे हैं। मामले की जानकारी मिलने पर मंदिर प्रशासन ने महिला सुरक्षाकर्मी को हटा दिया है। पंडित कमलेश शर्मा के गेट नंबर-1 यानी अवंतिका द्वार से प्रवेश पर भी प्रतिबंध लगाया गया है।

सुरक्षाकर्मी ज्योति परमार ने महाकाल थाने में आवेदन देकर बताया कि पंडित कमलेश शर्मा आधार कार्ड दिखाकर तीन



लोगों को गेट नंबर-1 से प्रवेश दिलाने का प्रयास कर रहे थे। आधार कार्ड राजस्थान का होने के कारण उन्हें रोका गया। इस पर शर्मा ने विवाद किया और मारपीट की धमकी दी।

पंडित कमलेश शर्मा ने कहा कि उनके साथ आए श्रद्धालुओं के पास उज्जैन और राजस्थान दोनों जगह के पहचान पत्र थे। सुरक्षाकर्मी ने प्रवेश से रोका तो उन्होंने आपत्ति जताई। इस दौरान महिला सुरक्षाकर्मी ने गालियां दीं, जिसका वीडियो उनके पास मौजूद है।

महाकाल मंदिर समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक के अनुसार, गलत आधार कार्ड पर प्रवेश का प्रयास किया जा रहा था। सुरक्षाकर्मी ने नियमों के अनुसार रोकने की कोशिश की, जिससे विवाद हुआ। अभद्र भाषा का उपयोग करने पर महिला सुरक्षाकर्मी को हटा दिया गया है। वहीं, पंडित कमलेश शर्मा के गेट नंबर-1 से प्रवेश पर भी प्रतिबंध लगाया है। उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में मुंबई से दर्शन के लिए आई एक महिला श्रद्धालु के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि मंदिर के सुरक्षाकर्मियों ने महिला को धक्का देकर बाहर निकाल दिया। इस दौरान महिला रोती और चिल्लाती रही।



# मंडी में तौल कांटे से चोरी का आरोप, कार्रवाई न होने पर कांग्रेस ने दिया धरना

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • मंडी में एक व्यापारी पर किसान की उपज में तौल कांटे से धोखाधड़ी करने का आरोप लगा है। इस मामले में कार्रवाई में देरी के विरोध में उज्जैन जिला कांग्रेस ने मंडी परिसर में धरना प्रदर्शन किया और नारेबाजी की।

आरोप है कि तोल कांटे में गड़बड़ी कर 95 किलो की बोरी को 107 से 110 किलो तक दर्शाया जा रहा था। इससे किसानों की उपज कम दिखाई दे रही थी, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान हो रहा था।

ताजपुर निवासी किसान इदरीश खान अपनी गेहूं की फसल नीलामी के लिए मंडी लेकर आए थे। उन्होंने बताया कि उनके साथ भी इसी तरह की धोखाधड़ी हुई। किसान ने इसकी सूचना किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष अशोक जाट को दी, जिन्होंने संबंधित अधिकारियों से शिकायत की।

पांच दिन बीत जाने के बाद भी ठोस कार्रवाई न होने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मंडी में धरना दिया। उन्होंने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। कांग्रेस ने यह भी आरोप लगाया कि कांटे से प्रति क्विंटल 5 से 20 किलो तक की चोरी पकड़ी गई है और किसानों पर समझौते का दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने पांचों व्यापारियों पर एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग की। इस धोखाधड़ी का एक वीडियो भी बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया गया है।

तराना विधायक महेश परमार और जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक भाटी ने भी किसानों का समर्थन किया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन अनिश्चितकाल तक जारी रहेगा। उन्होंने कलेक्टर से चर्चा का हवाला देते हुए किसानों को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया।

मंडी प्रशासन ने बताया कि नापतोल विभाग द्वारा भी इस मामले में कार्रवाई की जा रही है। संबंधित व्यापारी की आईडी बंद कर दी गई है और उसका लाइसेंस निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## सेवानिवृत्त होने पर फार्मासिस्ट जोगलेकर का कार्यालय में किया सम्मान



**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • जिला कुष्ठ कार्यालय के फार्मासिस्ट संजय जोगलेकर 40 साल की सेवा पूरी कर सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर कार्यालय में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। अध्यक्षता करते हुए जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. विक्रम रघुवंशी ने उनके कार्यकाल की सराहना की। संचालन करते हुए न्यू बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष एमआर मंसूरी ने कहा कि जोगलेकर ने अनुशासन के साथ काम किया और सेवाओं में निरंतरता बनाए रखी। हेल्थ एजुकेटर नारायण अकेला के नेतृत्व में कर्मचारियों ने उन्हें स्मृति चिह्न भेंट किया।

# सर्द हवा का दायरा घटेगा, रात का पारा भी चढ़ेगा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** •सर्द हवा की जगह तपन की दस्तक शुरू हो गई है। मार्च की शुरुआत के साथ दिन व रात का पारा चढ़ने का अनुमान है। दोपहर में धूप के तेवर तीखे होने लगने के संकेत हैं। शाम ढलने के बाद तपन महसूस होगी। कहीं कहीं रात में भी तापमान बढ़ेगा। मार्च माह शीत से ग्रीष्म ऋतु की ओर परिवर्तन का समय है। इस माह में तापमान दिन-प्रतिदिन बढ़ेगा। सतही हवा आमतौर पर हल्की और दिशा में परिवर्तनशील होगी। उत्तर भारत से होकर जाने वाले पश्चिमी विक्षोभों के प्रभाव से कभी-कभी आकाश बादलों से ढंकने के आसार है। कभी मेघ गर्जन और मावठा तो कभी मेघ गर्जन के साथ झंझावात होने की भी संभावना रहती है। कभी-कभी ओलावृष्टि के साथ मेघ गर्जना भी होगी। कभी-कभी वातावरण धूमिल सा होने के संकेत हैं। इस माह हवा शांत प्रतीत होगी। कभी-कभी दोपहर के बाद हवा तेज एवं झोंकेदार होगी। अधिकतम और न्यूनतम तापमान का अंतर बहुत ज्यादा रहेगा। महीने के अंत तक अधिकतम तापमान 34.9 डिग्री या उससे अधिक पहुंचने का अनुमान है।

औसत न्यूनतम तापमान 14.8 डिग्री सेल्सियस रहेगा। इस माह में औसत आर्द्रता 27 से 57 प्रतिशत तक होगी।



गर्जन होने वाले दिनों की औसत संख्या शून्य होगी। इस माह की औसत वर्षा 6.7 मिमी और वर्षा के दिनों की औसत संख्या 0.4 होने की संभावना है। सर्द हवा का दायरा धीरे-धीरे कम होने लगेगा। सुबह से कहीं हल्की तो कहीं मध्यम तपन महसूस होगी। दोपहर में सीधी धूप होने से तापमान में 3 से 4 डिग्री की बढ़ोतरी होने लगेगी। दूसरा सप्ताह : दिन के साथ रातें भी गर्म होने लगेंगी। दिन-रात के तापमान में ज्यादा अंतर नहीं रहेगा। हवा का रुख बदलने से ज्यादा गर्मी का असर दिखाई देगा। सुबह हल्की ठंड के साथ दोपहर में गर्मी रहेगी।

